DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि के विद्यार्थियों को चीन देगा छात्रवृत्ति

जागरण संवाददाता, देहरादून : दून विश्वविद्यालय के चीनी भाषा अध्ययन विभाग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीनी दूतावास के काउंसलर यांग शिउ हुआ ने कहा कि चीन विवि के विद्यार्थियों को चीन में शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करेगा।

रविवार को दून विवि में चीनी नववर्ष एवं प्रमुख त्योहार को सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। वसंतोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें चीनी संस्कृति, भाषा, और परंपराओं का ज्ञान विद्यार्थियों को दिया गया, ताकि उनकी भाषा में समझ और पकड़ मजबूत हो सके। छात्रों ने रंग-विरंगे परिधानों में सज-धजकर उत्सव में भाग लिया और चीनी संस्कृति के प्रमुख पहलुओं को दिखाया। चीनी भाषा अध्ययन विभाग

- विश्वविद्यालय के चीनी भाषा अध्ययन विभाग के कार्यक्रम को चीनी दूतावास के काउंसलर ने किया संबोधित
- छात्रों ने रंग-विरंगे परिधानों में सज-धजकर कार्यक्रम में लिया भाग, चीनी संस्कृति के प्रमुख पहलुओं को दिखाया

के छात्रों ने वसंतोत्सव के महत्व को समझाने और लोगों के बीच साझा किया। इस दौरान चीनी दूतावास से काउंसलर यांग शिउ हुआ, प्रथम सचिव वांग थोंग, फु शिएन फेंग और तृतीय सचिव सु छन ने कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल और कुलसचिव डा. एमएस मंद्रवाल से भेंट की। काउंसलर यांग शिउ हुआ ने इतने कम समय में चीनी भाषा अध्ययन विभाग को स्थापित करने व सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उन्हें बधाई दी। काउंसलर ने कहा कि दून विवि के छात्रों के साथ संवाद करने पर पता चला कि यहां के विद्यार्थियों की चीनी भाषा पर पकड़ मजबूत है, जैसा कि बहुत कम संस्थानों में देखने को मिलता है। कहा कि चीन के शिक्षा मंत्रालय ने दून विवि के शिक्षकों एवं विद्याथियों के लिए कई तरह की छात्रवृति व शैक्षिक योजनाओं का प्रस्ताव रखा है।

चीनी अतिथियों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को बहुत सराहा और उनकी चीनी भाषा में बेहतर कमांड को लेकर विद्यार्थियों की प्रशंसा की। वहीं कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने भारत और चीन को विश्व की सबसे पुरानी एवं समृद्ध संस्कृति बताया। चीनी भाषा अध्ययन विभागाध्यक्ष शैंकी चंद्रा ने चीन और भारत के संबंधों को भविष्य में और प्रगाढ़ करने पर जोर दिया।

News paper – Dainik Jagran
Date – 04.03.2024